कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मीरजापुर।

नीलामी

दिनांक 23.8.2022 को जनपद न्यायालय, मीरजापुर परिसर में सरकारी अम्बेसडर कारों की नीलामी होना सुनिश्चित था। नीलामी समिति के अध्यक्ष, श्री जितेन्द्र मिश्र, विशेष न्यायाधीश (ई0 सी0 एक्ट) दिनांक 31.8.2022 तक उपार्जित अवकाश पर चले जाने के कारण नीलामी की कार्यवाही दिनांक 03.9.2022 नियत की जाती है।

नीलामी कार्यवाही हेतु केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि सरकारी अम्बेसडर कारों की नीलामी की सूचना का प्रकाशन कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

इच्छुक व्यक्ति धरोहर धनराशि मु. 10,000/–रुपये नकद दिनांक 02.9.2022 तक नजारत अनुभाग में जमा कर सकते है। खुली बोली की कार्यवाही नियमानुसार दिनांक 03.9.2022 को सायंकाल 4.00 बजे जनपद न्यायालय, मीरजापुर स्थित मीटिंग हाल में होगी। नीलामी प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी हेतु केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, मीरजापुर से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान प्राप्त की जा सकती है।

जनपद न्यायाधीश, मीरजापुर को किसी भी बोली को बिना कोई कारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

नीलामी निम्न शर्तों के अधीन होगी:–

1. प्रत्येक बोली दाता को केन्द्रीय परिसेवी, मीरजापुर के यहाँ दिनांक 02.9.2022 तक मु. 10,000/–रुपये की धरोहर धनराशि नीलामी के पूर्व जमा करेगा।

2. उच्चतम बोली अनुमोदित किये जाने के पश्चात बोली की सम्पूर्ण धनराशि तत्काल जमा करना होगा एव शेष बचे हुये व्यक्तियों के बोली की धरोहर धनराशि अविलम्ब वापस की जायेगी।

3. उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति की बोली स्वीकार किये जाने के उपरान्त धरोहर धनराशि वापस नही की जायेगी।

25.8.22

(चन्द्र शेखर मिश्र)
सदस्य,
नीलामी समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश,
न्याय कक्ष संख्या–5, मीरजापुर।